DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY
BULLETIN PART-II

(General information relating to Legislative & other matters)
Friday, 28th July,2000/Shravana 6, 1922(Saka)

No.101

(1) SPECIAL SESSION OF THE SECOND LEGISLATIVE ASSEMBLY OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI.

Hon'ble Members are informed that a Special Session of the Second Legislaltive Assembly of the National Capital Territory of Delhi for discussion on the issue regarding regularisation of unauthorised colonies will be held on Wednesday, 2nd August,2000 at 11.00 A.M.

The sitting of the Legislative Assembly shall commence at 11.00 AM and continue till it is adjourned for the day, unless the Speaker directs otherwise.

(2) THERE WILL BE NO QUESTION HOUR ON 2ND AUGUST,2000.

(3) VISITORS' GALLERY

Attention of the Members is invited to the direction issued by HON'BLE SPEAKER under Rule 291 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Legislative Assembly with regard to admission to the Visitors' Gallery. The Direction inter alia provide that application forms for the issue of visitors' gallery passes must be submitted by 5.00 PM on the working day previous to the date for which Gallery Passes are required. For example, application for the Gallery Passes meant for sitting of the House on 02.8.2000 will be accepted upto 5.00 PM on the earlier day i.e. 01.8.2000.

The seating capacity in the Visitors' Gallery being limited, not more than two passes shall be issued to a Member for each sitting. No admission cards for the Visitors' Gallery will ordinarily be issued on the same day.

Members are requested to recommend issue of Gallery Passes for those visitors whose antecedents are well known to them.

NOTE:

In order to maintain proper decorum in the House, Members are requested not to bring **Cellular Phones, Pagers or other electronic** gadgets etc. in the House. **If they are in possession** thereof, they may **kindly ensure that these are kept switched** off so long as they are in the House.

In the interest of timely and orderly transaction of business of the House, Hon'ble Members are requested to kindly co-operate in maintaining the dignity and decorum of the House.

S.K. SHARMA
SECRETARY

दिल्ली विधान सभा

समाचार भाग-2

§विधायी तथा अन्य मामलों से संबंधित सामान्य जानकारी§

शुक्रवार, 28 जुलाई, 2000/श्रावण 06, 1922§शक§

संख्या: 101

§1§ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की दूसरी विधान सभा का विशेष सत्र।

माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अनधिकृत कालोनियों को नियमित किये जाने से संबंधित मामले पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की दूसरी विधान सभा का विशेष सत्र बुधवार, 02 अगस्त, 2000 को **पूर्वाह्न 11·00 बजे** से विधान सभा सभागार, पुराना सचिवालय, दिल्ली में होगा ।

जब तक अध्यक्ष महोदय अन्यथा आदेश न दें, विधान सभा की बैठकें पूर्वाह्न 11·00 बजे प्रारम्भ होंगी और तब तक चलेगी जब तक उसे उस दिन के लिए स्थगित न कर दिया जाये ।

§2§ 02 अगस्त, 2000 को प्रश्न काल नहीं होगा ।

§3§ दर्शक दीर्घा प्रवेश-पत्र

सदस्यों का ध्यान दर्शक दीर्घा में प्रवेश संबंधी विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 291 के अंतर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा जारी निर्देशों की ओर आकर्षित किया जाता है । इसके साथ-साथ निर्देशों में व्यवस्था है कि दर्शक दीर्घा के प्रवेश-पत्र जारी कराने के आवेदन-पत्र, जिस दिन के लिए प्रवेश पत्र चाहिए, उस दिन से पूर्व एक कार्य-दिवस को अपराह्न 5·00 बजे तक अवश्य प्रस्तुत किये जायें । उदाहरणार्थ 2·8·2000 को होने वाली सदन की बैठक के लिये दर्शक दीर्घा के लिए आवेदन पत्र पूर्व कार्य-दिवस अर्थात् 1·8·2000 को अपराह्न 5·00 तक स्वीकार किये जायेंगे ।

दर्शक दीर्घा में बैठने के सीमित स्थान होने के कारण एक सदस्य को प्रत्येक बैठक के लिए दो से अधिक प्रवेश-पत्र जारी नहीं किये जायेंगे ।

दर्शक दीर्घा के लिए प्रवेश-पत्र सामान्यतया उसी दिन जारी नहीं किये जायेंगे ।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे केवल उन्हीं दर्शकों को दर्शक-दीर्घा प्रवेश-पत्र जारी करें, जिनके चरित्र के बारे में वे भली-भांति जानते हों ।

टिप्पणी :

सदन में उचित अनुशासन रखने के उद्देश्य से सदस्यों से अनुरोध है कि सदन में **सेल्युलर टेलीफोन, पेजर्स** अथवा **वैद्युत उपकरण** §इलैक्ट्रानिक गैजेट§ आदि लेकर न आयें । यदि उनके पास इस प्रकार के उपकरण हों तो वे कृपया यह सुनिश्चित करें कि जब तक वे सदन में हों तो ऐसे **उपकरणों का स्विच बन्द रखें ।**

सदन में समय के अन्दर व व्यवस्थित ढंग से कार्य के निष्पादन के उद्देश्य से माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया सदन की गरिमा व मर्यादा बनाये रखने में अपना योगदान दें ।

एस·के· शर्मा
सचिव